महिला पीजी महाविद्यालय ,जोधपुर एवं मरू पर्यावरण संरक्षण संस्थान, जोधपुर के संयुक्त तत्वाधान में अंतर विद्यालय पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

महिला पीजी महाविद्यालय ,जोधपुर एवं मरू पर्यावरण संरक्षण संस्थान, जोधपुर के संयुक्त तत्वाधान में अंतर विद्यालय पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मनोरमा उपाध्याय ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए जोधपुर से लगभग 20 विद्यालयों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का आरंभ एक लिखित परीक्षा से किया गया जिसमें डेढ़ घंटे में 100 प्रश्न पूछे गए। लिखित परीक्षा से 5 विद्यालयों की टीम अगले राउंड के लिए चुनी गई।

प्रतियोगिता के दूसरे चरण में छह राउंड रखे गए प्रत्येक टीम से अलग-अलग राउंड में लगभग 50 प्रश्न पूछे गए। इस प्रतियोगिता में सरदार दून चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल की भूमि सिंह ज एवं जयवर्धन सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में द्वितीय स्थान पर महावीर पब्लिक स्कूल की दीपशिखा अमरावत तथा अस्मा गौरी रही। तृतीय स्थान मयूर चोपासनी स्कूल के सिद्धार्थ सिंह राठौड़ एवं शिवपाल ने प्राप्त किया।

महिला पीजी महाविद्यालय के अध्यक्ष प्रोफेसर एसपी व्यास ने कहा कि यह प्रतियोगिता महाविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई। प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार के रुप में प्रमाण पत्र एवं 3100,2100 और 1100 की नकद राशि प्रदान की गई ।समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस प्रतियोगिता में श्री एस एल हर्ष का योगदान अभूतपूर्व था। उन्होंने विद्यालय एवं महाविद्यालय की छात्राओं के लिए पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्रदर्शनी लगाई। प्रतियोगिता में राजेंद्र पारीक और जज के रूप में अविनाश बोहरा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन डॉक्टर ममता भाटी एवं योगेश शर्मा ने किया। तथा इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डॉ हेमा जैन ने किया।

B
C

JUDGE
SCORER